




... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, मंगलवार, 28 जुलाई-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 280 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया










## रावलकोट में प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग, 14 की मौत

**रावलकोट।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में मंगलवार को भी तनाव बना रहा। रावलकोट में चुनाव का विरोध कर रहे लोगों पर पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने सख्त कार्रवाई की, जिसमें कई लोग हताहत हुए। इसके बावजूद विरोध प्रदर्शन करने वाले नेताओं ने अपना आंदोलन जारी रखने का संकल्प लिया है। चश्मदीदों का दावा है कि कल शाम रावलकोट में पुलिस की गोलीबारी में 14 लोग मारे गए। जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी के मुख्य सदस्य इम्तियाज असलम ने कहा, 'पाकिस्तान की आतंकवादी ताकतों ने आज हमारे बेगुनाह युवाओं पर गोली चलाई। नतीजतन हमारे 14 युवा मारे गए।'

## खाई में कार गिरने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

**डलहौजी।** चंबा जिले में सोमवार देर रात पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग पर लाहाड़ गांव के समीप हुए भीषण सड़क हादसे में एक वर्षीय मासूम सहित पांच लोगों की मौत हो गई। चंडीगढ़ से बच्चे का उपचार करवाकर घर लौट रहा परिवार रास्ते में दुर्घटना का शिकार हो गया। कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी, जिससे सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। लगातार हो रही भारी बारिश तथा बनीखेत के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित होने के कारण राहत एवं बचाव दल को मौके तक पहुंचने में भारी मशक्कत करनी पड़ी।

## जापान में भूकंप के तेज झटके सुनामी की चेतावनी जारी

**टोक्यो।** मंगलवार को जापान के दक्षिणी हिस्से में एक बेहद शक्तिशाली भूकंप महसूस किया गया है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के अनुसार, इस झटके के बाद तटीय इलाकों के लिए सुनामी का अलर्ट जारी कर दिया गया है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, मंगलवार को जापान के क्यूशू क्षेत्र के कुमामोटो प्रान्त में 7.1 की प्रारंभिक तीव्रता वाला भूकंप आया। यह एक बेहद शक्तिशाली झटका था जिसने पूरे दक्षिणी जापान को हिलाकर रख दिया। भूकंप के तुरंत बाद, जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने तटीय क्षेत्रों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी कर दी है। समुद्र में 1 मीटर तक ऊंची लहरें उठने की आशंका है। हालात की गंभीरता को देखते हुए, जापानी सरकार ने दक्षिणी क्यूशू द्वीप के कई प्रान्तों के लिए आपातकालीन भूकंप चेतावनी जारी की है।

## करंट से पीएचडी स्कॉलर की मौत के बाद PU में बवाल

**चंडीगढ़।** पंजाब यूनिवर्सिटी में करंट लगने से पीएचडी स्कॉलर की मौत के बाद मंगलवार को छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा। पहले छात्रों ने विद्युत शाखा के एक्सईएन कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर विद्युत व्यवस्था में लापरवाही का आरोप लगाया। इसके बाद बड़ी संख्या में छात्र कुलपति कार्यालय पहुंच गए और मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया। प्रदर्शन के दौरान कुलपति समेत विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ अधिकारी कार्यालय के अंदर मौजूद रहे, जबकि बाहर छात्र लगातार नारेबाजी करते रहे। छात्रों ने हादसे के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई, विद्युत सुरक्षा व्यवस्था की जवाबदेही तय करने और पीड़ित परिवार को न्याय देने की मांग उठाई।

## चारधाम यात्रा रुकी, मालदेवता में रिकॉर्ड बारिश दर्ज, हाईवे बंद

**देहरादून।** बारिश ने उत्तराखंड में जनजीवन पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। कहीं भूस्खलन से राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हैं, तो कहीं उफनती नदियों के बीच लोग फंस गए। चारधाम यात्रा पर दो दिन के लिए अस्थायी रोक लगा दी गई है। पिछले 24 घंटे में मालदेवता में सबसे अधिक 233 मिमी वर्षा दर्ज की गई। लगातार बारिश के चलते चारधाम यात्रा को दो दिन के लिए अस्थायी रूप से रोक दिया गया है केदारनाथ, बदरीनाथ और यमुनोत्री हाईवे कई स्थानों पर भूस्खलन से बंद हो गए हैं। नदी-नाले उफान पर हैं, कई जगह मलबा और बोल्डर गिरने से सड़कें बाधित हुईं, लोगों का रेस्क्यू करना पड़ा और चार जिलों में स्कूल भी बंद आज बंद किए गए हैं।

## सीजेपी प्रदर्शन पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

# नाबालिगों को तुरंत रिहा करो




● घटनाओं से जुड़े सभी डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखने का आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली और सभी राज्य सरकारों को निर्देश दिया कि वे 18 वर्ष से कम उम्र के उन सभी गिरफ्तार या हिरासत में लिए गए प्रदर्शनकारियों को रिहा करें, जिनका कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। इसके साथ ही अदालत ने पुलिस को इन घटनाओं से जुड़े सभी डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखने का भी आदेश दिया है। अदालत ने यह भी कहा कि NEET प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ पुलिस की ज्यादतियों से जुड़े सभी आरोपों की एक निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच होनी चाहिए। शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब विपक्ष 20 जुलाई को संसद की ओर मार्च कर रहे प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पेलेट गन के इस्तेमाल का लगातार विरोध कर रहा है। अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा, 'जिसने भी ज्यादती की है और कानून को अपने हाथ में लिया है, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए'। अदालत ने आगे कहा कि एक बार जब निर्धारित प्रोटोकॉल का उल्लंघन होता है, तो कानून को अपना काम करना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह मामला किसी आयोग द्वारा पारदर्शी जांच का बनता है। साथ ही जोड़ा कि इस प्रक्रिया से भविष्य में ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए एक प्रोटोकॉल तैयार करने में मदद मिलनी चाहिए।

### कई राज्यों से पुलिस की ज्यादती के आरोप

सुनवाई के दौरान अदालत के सामने कई राज्यों से पुलिस की ज्यादतियों के आरोप भी सामने आए, जिसमें यह दावा भी शामिल है कि बिहार में एक पुलिस अधिकारी ने शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ AK-47 का इस्तेमाल किया। सुप्रीम कोर्ट ने उन राज्यों से सोमवार तक जवाब मांगा है जहां छात्र विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिंसा की घटनाएं सामने आई थीं। शीर्ष अदालत ने अधिकारियों को सीसीटीवी कैमरों, फेशियल रिकग्निशन सिस्टम और ड्रोन के माध्यम से एकत्र किए गए डिजिटल रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने का भी निर्देश दिया। अदालत ने स्पष्ट आदेश दिया कि ऐसी सामग्री के साथ-साथ प्रदर्शनकारियों के व्यक्तिगत डेटा को पब्लिक डोमेन पर नहीं रखा जाना चाहिए।

## कपिल सिब्बल कॉकरोच जनता पार्टी को देंगे 1 करोड़, देशभर के वकीलों से भी मदद मांगी



**नई दिल्ली।** सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने कॉकरोच जनता पार्टी के बनाए गए फंड में एक करोड़ रुपए देने की घोषणा की है। उन्होंने देशभर के वकीलों से भी इस फंड में योगदान देने की अपील की है। CJP ने यह फंड आपराधिक मामलों का सामना कर रहे स्टूडेंट्स की लीगल मदद के लिए बनाया है। CJP के प्रवक्ता सौरव दास ने कहा कि केंद्र के आश्वासन के बावजूद देशभर में छात्रों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज किए जाने की आशंका है। उन्होंने बताया कि दर्ज मामलों में छात्रों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के लिए एव्ङ सुप्रीम कोर्ट के वकीलों के संपर्क में है। इस मौके पर उनके साथ कपिल सिब्बल भी मौजूद थे।

## सीजेपी प्रोटेस्ट में खाना खिलाने वाले जुनैद सुप्रीम कोर्ट पहुंचे

**नई दिल्ली।** जंतर-मंतर प्रदर्शन में छात्रों को खाना खिलाने वाले वालंटियर जुनैद मलिक सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि पुलिस ने उन्हें रास्ते से उठाकर करीब 6 घंटे तक हिरासत में रखा, धमकाया और बाद में देहरादून रोड़ पर सुनसान जगह पर छोड़ दिया। जुनैद का कहना है कि पुलिस ने उनके परिवार को भी बिना कानूनी प्रक्रिया अपनाए परेशान किया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से परिवार के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगाने और पूरे मामले की कानून के मुताबिक जांच कराने की मांग की है। याचिका के मुताबिक, 24 जुलाई की आधी रात को जुनैद मलिक एंटी-रेबीज का इंजेक्शन लगवाकर आरएमएल अस्पताल से लौट रहे थे। तभी पुलिस ने उसे उठा लिया और उनका मोबाइल फोन जबरन लेकर अनलॉक कराया गया और उसकी जांच की गई। उनसे पूछा गया कि उन्हें फंडिंग कौन करता है और खाने की व्यवस्था के लिए पैसा कहां से आता है।

## सीजेपी के प्रदर्शन में शामिल युवतियों को कंगना ने बताया 'गटर छाप'



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की सांसद और फिल्म एक्ट्रेस कंगना रनौत ने मंगलवार को कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए जेन जी प्रदर्शनकारियों पर हमला बोला। कंगना ने उन्हें जेनरेशन गटर (Gen G) करार दिया। बीजेपी सांसद ने जेन जेड की महिलाओं को तथाकथित पश्चिमी भारतीय महिलाएं बताया। उन्होंने कहा कि वे पढ़ाई-लिखाई में अच्छी नहीं होतीं लेकिन इतनी बदसूरत और भ्रष्ट होती हैं कि घर भी नहीं संभाल सकतीं। इसके बावजूद, वे ड्रग्स लेने, शराब पीने या कई लोगों के साथ शारीरिक संबंध बनाने की अपनी आजादी का गर्व से दिखावा करती हैं। नीट पेपर लीक के विरोध में और तत्कालीन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग के लिए इकट्ठा हुई युवा महिलाओं के व्यवहार पर निशाना साधते हुए अभिनेत्री से नेता बनीं कंगना रनौत ने कहा कि वे महिला प्रदर्शनकारी बिना वह आजादी कमाए, स्वतंत्र करियर वाली महिलाओं की जिंदगी की नकल करना चाहती थीं।

## मूंग की 100 प्रतिशत खरीदी पर अड़े किसान

● भोपाल के करीब पहुंची संयुक्त किसान मोर्चा की पदयात्रा



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में किसान सड़क पर उतर आए हैं। मूंग की पूरी उपज समर्थन मूल्य पर खरीदने की मांग को लेकर किसानों का आंदोलन तेज हो गया है। आठ सूत्रीय मांगों को लेकर शुरू हुई संयुक्त किसान मोर्चा की पदयात्रा अब प्रदेश की राजधानी भोपाल के करीब पहुंच गई है। पदयात्रा औबेदुल्लागंज पहुंच चुकी है, जहां बड़ी संख्या में किसान जुट रहे हैं। पुलिस ने किसानों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए टोल नाके और 11 मील के पास बैरिकेडिंग कर दी है। वहीं, पीछे की ओर भी बैरिकेडिंग लगाकर किसानों की आवाजाही सीमित कर दी गई है। किसानों के प्रस्तावित घेराव को देखते हुए मुख्यमंत्री आवास के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। किलोल पार्क, स्मार्ट सिटी पार्क और पॉलिटेक्निक चौराहे पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर बैरिकेडिंग की गई है। किसानों के भोपाल की ओर बढ़ने के कारण औबेदुल्लागंज से भोपाल जाने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग प्रभावित है। वहीं, जबलपुर की ओर से आने-जाने वाला सुल्तानपुर मार्ग भी यातायात प्रभावित होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।






## श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम का एलान

### दोनों देशों के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत 15 अगस्त से

● टीम की कमान शुभमन गिल को राहुल उपकप्तान सारांश जैन का चयन चौकाने वाला



**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी। दोनों देशों के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत 15 अगस्त से होगी। टीम की कमान एक बार फिर शुभमन गिल के हाथों में सौंपी गई है, जबकि अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल को उपकप्तान बनाया गया है। इस टीम में सबसे चौंकाने वाला चयन सारांश जैन का है, जिन्हें पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी ऋषभ पंत और ध्रुव जुरेल संभालेंगे। बल्लेबाजी में यशस्वी जायसवाल, साई सुदर्शन और देवदत्त पडिक्कल को भी जगह मिली है। ऑलराउंडर के रूप में रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव और मानव सुथार टीम का हिस्सा हैं।

## सेंसेक्स 76,947 पर पहुंचा निफ्टी 24,000 के पार



**नई दिल्ली।** कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक चिंताओं में कमी के चलते मंगलवार को शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी दर्ज की गई। आईटी शेयरों में खरीदारी से भी बाजार को सकारात्मक गति मिली। इस सकारात्मक रुझान से निवेशकों में उत्साह का माहौल बना। शुरुआती कारोबार में रुपया डॉलर के मुकाबले 29 पैसे बढ़कर 95.70 पर पहुंच गया।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : $31.8^{0}C$
● तापमान न्यूनतम : $24.0^{0}C$
● सूर्योदय : 05.19
● सूर्यास्त : 06.30
वाराणसी, 28 जुलाई, मंगलवार, 2026 (3)





## विद्यापीठ का 48वां दीक्षांत समारोह इस बार भी रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में

# 53 मेधावियों को 82 पदक

**● राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का कुलपति ने किया स्वागत, उपलब्धियों पर डाला प्रकाश**




**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय का 48वां दीक्षांत समारोह आज रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया। यह समारोह लागतार दूसरे साल रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आयोजित हुआ। रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में मंगलवार सुबह काशी विद्यापीठ के 48वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने 53 मेधावियों को 82 पदक दिए। इसके अलावा विवि और महाविद्यालयों के 63184 विद्यार्थियों को उपाधियां भी दी गईं। इस दौरान मेधावियों के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन में मेधावियों को पदक वितरण की व्यवस्था की गई। समारोह को लेकर विवि परिसर में रंग रोगन, साज-सज्जा भी कराई गई है। पदक पाने वाले मेधावियों ने जमकर सेल्फीबाजी की। इस समारोह के मुख्य अतिथि कैप्टन बीके त्यागी, सीएमडी, शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया, मुम्बई रहे। साथ ही अति विशिष्ट अतिथि योगेन्द्र उपाध्याय, कैबिनेट मंत्री, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश सरकार एवं विशिष्ट अतिथि रजनी तिवारी, राज्य मंत्री, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश सरकार की भी उपस्थिति रही। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति ने मुख्य अतिथि एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल तथा कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल का स्वागत करते हुए कहा कि यह आयोजन विश्वविद्यालय के लिए ऐतिहासिक अवसर है। कहा कि इस वर्ष के दीक्षा समारोह का विषय 'एक दशक में भारत की उपलब्धियां : विकसित भारत-2047 की आधारशिला' है, जो विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में उच्च शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका और उसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। कहा कि महात्मा गांधी की प्रेरणा से 105 वर्ष पूर्व स्थापित यह ऐतिहासिक विश्वविद्यालय शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के अपने उद्देश्य के प्रति निरंतर प्रतिबद्ध है। कुलाधिपति के मार्गदर्शन और नेतृत्व से विश्वविद्यालय को लगातार नई दिशा और प्रेरणा मिलती रही है व उनके अध्यक्षीय आशीर्वचनों से विद्यार्थियों व विश्वविद्यालय परिवार को आगे बढ़ने की नई ऊर्जा प्राप्त होगी। कुलपति ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, शोध, डिजिटल और अवसंरचनात्मक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि संस्थान ने बीते वर्षों में कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में एमए इन हिंदू स्टडीज जैसे नवीन पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। वहीं, शोध विकास संस्थान के माध्यम से एप्लाइड एआई एवं शोध विकास से जुड़े पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) आधारित अध्ययन को विशेष रूप से शामिल किया गया है।

### संत रविदास की जन्मस्थली पर भाजपा का समरसता संकल्प अभियान का शुभारंभ

**वाराणसी।** संत रविदास की जन्मस्थली सीरगोवर्धनपुर में आज से तीन दिनों तक उनका सामाजिक समरसता का संदेश गूंजेगा। संत के 650वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में भाजपा राष्ट्रव्यापी 'समरसता संकल्प अभियान' शुरू करने जा रही है। शुभारंभ 29 को उनकी जन्मस्थली पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं संत निरंजन दास करेंगे। अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों की शृंखला 20 फरवरी 2027 संत रविदास जयंती तक चलेगी। प्रदेश के समाज क्लयाण मंत्री (राज्यमंत्री, स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बताया कि अभियान शुभारंभ पर सीर में 28 और 29 जुलाई को कार्यक्रम होंगे। 28 को संत रविदास के स्मारक से मिट्टी इकट्ठा कर मंदिर तक 131 कलशों की यात्रा निकाली जाएगी। वहां कलश स्थापित किए जाएंगे। 29 की दोपहर कलश को जनसभास्थल पर ले जाया जाएगा।

## तापमान के साथ उमस की जुगलबंदी

**● भीषण गर्मी और उमस से जनमानस की दिनचर्या लड़खड़ायी**


**एक दिन बाद शुरू होने जा रहा है सावन**



**वाराणसी।** ऐन एक दिन के बाद सावन शुरू हो जाएगा लेकिन माहौल में कहीं कोई नमी नहीं दिखाई दे रही है। तीखी धूप और भीषण उमस वाली गर्मी से जनमानस की दिनचर्या लड़खड़ा गयी है। दगाबाज बादल आ रहे हैं और झलक दिखा कर लौट जा रहे हैं। वाराणसी में मौसम का रुख अब तल्खी की ओर है। बादलों की लंबे समय के बाद विदाई होने के बाद भले ही धूप छांव का मेल चल रहा हो लेकिन धूप का असर होने के बाद उमस का मेल लोगों के पसीने छुड़वा रहा है। मौसम विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट में अगले दो दिनों तक मौसम में किसी खास बदलाव के संकेत नहीं हैं। माना जा रहा है कि बरसात के बाद धूप उमस का मेल लोगों को चुनौती भी देगा। सुबह वातावरण में नमी का असर कम रहा तो दूसरी ओर साफ आसमान और उमस का मेल गर्मी का असर भी पर्याप्त नजर आया। दिन चढ़ने पर कुछ टुकड़ों में बादल नजर तो आए लेकिन बादल थोड़ी देर में गुम भी होते रहे। आसमान साफ होने और धूप निकलने के बाद उमस का असर भी हो रहा है। अनुमानों के अनुसार आने वाले दिनों में मौसम का रुख बादलों की ओर होगा लेकिन उसके पूर्व धूप का असर लोगों को चुनौती देता रहेगा।

## अज्ञात वाहन से भिड़ी ट्रक

**● चालक की मौत पुलिस ने केबिन में फंसी लाश निकाली**




**वाराणसी।** जंसा थाना क्षेत्र के सजोई गांव के पास रिंग रोड फेज-2 पर मंगलवार सुबह एक दुखद सड़क हादसे में ट्रक चालक की मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार ट्रक किसी अज्ञात वाहन में पीछे से टकरा गया, जिससे ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में फंस गया। घटना की सूचना राहगीरों ने जंसा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और काफी प्रयास के बाद चालक के शव को केबिन से बाहर निकाला। हादसे के समय ट्रक में कोई खलासी मौजूद नहीं था। प्रारंभिक अनुमान है कि चालक को झपकी आने के कारण यह दुर्घटना हुई होगी, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। जंसा थाना प्रभारी सत्यजीत सिंह ने बताया कि ट्रक के पंजीकरण नंबर के आधार पर मृत चालक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही दुर्घटना में शामिल अज्ञात वाहन की भी तलाश की जा रही है। घटना के बाद कुछ देर तक रिंग रोड पर यातायात प्रभावित रहा, जिसे पुलिस ने सामान्य किया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### सारनाथ में बनेगा चौथा मियावाकी वन

**वाराणसी।** डोमरी, कंचनपुर, करसड़ा के अलावा सारनाथ के सारंग तालाब में भी मियावाकी वन तैयार होगा। यह शहर का चौथा मियावाकी वन होगा, जहां 40 हजार पौधे लगाए जाएंगे। इस परियोजना से शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार होगा।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल
ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय
मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'
समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा
स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

### सावन में प्लास्टिक मुक्त रहेगा काशी विश्वनाथ धाम

**वाराणसी।** सावन माह 2026 में श्री काशी विश्वनाथ धाम को पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त बनाए रखने के लिए मंदिर प्रशासन ने विशेष अभियान तेज कर दिया है। देशभर से लाखों कांवड़ियों और श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए प्रशासन पर्यावरण संरक्षण को भी उतनी ही प्राथमिकता दे रहा है, जितनी श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को। मंदिर प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि बाबा विश्वनाथ के धाम में प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया जाएगा और सभी श्रद्धालुओं से इस अभियान में सहयोग की अपील की जा रही है। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि बड़ी संख्या में कांवड़िए प्लास्टिक के डिब्बों में गंगाजल लेकर जलाभिषेक के लिए धाम पहुंच रहे हैं।

## अब टूटने लगा घाटों का सम्पर्क

**● गंगा किनारे रहने वाले जुटे सुरक्षित ठिकानों की तलाश में**



**वाराणसी।** बाढ़ की संभावित स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने एहतियात बरतते हुए राजघाट से अस्सी घाट तक सभी प्रमुख घाटों और जेटी पर बैरिकेडिंग कराई है। गंगा के जलस्तर में वृद्धि के कारण घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। प्रशासन ने सभी आवश्यक कदम उठाए हैं ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। स्थानीय निवासियों को सतर्क रहने और प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है। कई घाटों का आपसी संपर्क टूट चुका है। जल्द ही प्रमुख घाटों का आपसी संपर्क भी टूट जाएगा। जलस्तर बढ़ने से गंगा किनारे के गांव-मुहल्लों में चिंता का माहौल है। गंगा से होने वाले कटान को लेकर गहरी चिंता देखी जा रही है। पिछले वर्ष कटान में कई लोगों के खेत, घर आदि विलीन हो गए थे। अतीत में गुजरी में आपदाओं को याद करके लोग घर-बार छोड़ने का मन बना रहे हैं। हालांकि प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक उपाय किए जाने का दावा बार-बार किया जा रहा है डीएम लगातार अधिकारियों को स्थिति पर पैनी निगाह बनाये रखने की हिदायत दे रहे हैं। अफसरान भी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए भागदौड़ कर रहे हैं। जल पुलिस और एनडीआरएफ मुस्तैद है। लेकिन इसके बावजूद तटवर्ती इलाकों के लोगों में दहशत बनी हुई है। लोग अपने परिवार और मवेशियों के लिए सुरक्षित स्थानों की तलाश में जुट गए हैं।

### सावन माह में प्रयागराज–बनारस के बीच चलेगी मेमू स्पेशल ट्रेन



**वाराणसी।** सावन माह के दौरान श्रीकाशी विश्वनाथ धाम आने वाले शिवभक्तों और कांवरियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन ने प्रयागराज, बनारस और औड़िहार के बीच विशेष मेमू ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। इससे प्रयागराज से आने वाले भक्तों को काफी सुविधा होगी। रेलवे ने बताया कि गाड़ी संख्या 01915/01916 प्रयागराज–बनारस–सूबेदारगंज प्रतिदिन 29 जुलाई से 29 अगस्त 2026 तक तथा 01917 सूबेदारगंज–औड़िहार 29 जुलाई से 29 अगस्त 2026 तक चलाई जाएगी। वहीं 01918 औड़िहार–प्रयागराज स्पेशल ट्रेन 30 जुलाई से 30 अगस्त 2026 तक प्रतिदिन कुल 32 फेरों के लिए संचालित होगी।

## वाराणसी में हैंडबॉल महाकुम्भ

**● 21 से 25 अगस्त तक चलेगा आयोजन, 2160 खिलाड़ी करेंगे भागीदारी**




**वाराणसी।** प्रादेशिक विद्यालयीय हैंडबॉल प्रतियोगिता बालक बालिका की अंडर 14, 17 और 19 आयु वर्ग में खेली जाएगी। इस प्रतियोगिता में 2160 खिलाड़ी, कोच और मैनेजर हिस्सा लेंगे। 21 से 25 अगस्त तक डॉ भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल बड़ा लालपुर के अलावा अन्य स्थानों पर खेली जाएगी। संयुक्त शिक्षा निदेशक वाराणसी मंडल दिनेश कुमार सिंह के अनुसार इस प्रतियोगिता में 18 मंडल के 2160 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। एक मंडल से 120 खिलाड़ी, कोच और मैनेजर इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने आएंगे। इनको ठहराने का इंतजाम कई कॉलेजों में किया जाएगा। इसके लिए कॉलेजों की सूची बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा यूपी बोर्ड के अलावा अन्य बोर्ड के स्कूल कॉलेजों में उपलब्ध सुविधाओं का मूल्यांकन किया जा रहा है। प्रयास है प्रतियोगिता स्थल के आस पास खिलाड़ियों का निवास रहे। इस प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर उत्तर प्रदेश की टीम का चयन किया जाएगा। जो राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के उपाध्यक्ष डॉ एके सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिता में 30 निर्णायकों की देखरेख में खेली जाएगी। कुछ अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय निर्णायकों को आमंत्रित किया गया है। चार कोर्ट पर मैच खेला जाएगा। एक कोर्ट प्रैक्टिस के लिए आरक्षित रहेगा। एक कोर्ट पर दो रेफरी, एक टाइम कीपर और एक स्कोरर रहेगा। 10 टेक्निकल अधिकारियों की देखरेख में सभी कोर्ट तैयार किया जाएगा। टेक्निकल अधिकारी 19 अगस्त से आना शुरू हो जाएगा।



## मऊ समाचार

### सरयू नदी के जलस्तर में 10 सेंटीमीटर की कमी से राहत, खतरा बरकरार



**मऊ।** सरयू नदी के जलस्तर में 24 घंटे स्थिर रहने के बाद 10 सेंटीमीटर की कमी आने से लोगों ने राहत की सांस ली है, लेकिन खतरा अभी भी बरकरार है। नदी की लहरें भारत माता मंदिर की दीवार से टकरा रही हैं।

ऐतिहासिक धरोहरों के अस्तित्व पर खतरा बरकरार है। नदी के जलस्तर में कमी आने से लोगों ने राहत की सांस ली है, लेकिन यह राहत स्थायी नहीं है। नदी कभी भी बढ़कर कहर बरपा सकती है। नदी के रुख से मुक्तिधाम, भारत माता मंदिर, खाकी बाबा की कुटी, दुर्गा मंदिर, लोक निर्माण विभाग का डाक बंगला, डीह बाबा का मां-दिर, शाही मस्जिद और हनुमान मंदिर पर खतरे की घंटी बजने लगी है।

वहीं, तटवर्ती इलाके धनौली रामपुर, नई बाजार, नौली, रामनगर, बीबीपुर, गोधनी, बेलौली, महुआबारी, रसूलपुर और सूरजपुर सहित अन्य तटवर्ती क्षेत्रों में पानी घुसने की आशंका से किसान चिंतित हैं। गौरी शंकर घाट पर सोमवार को सरयू नदी का जलस्तर 69.20 मीटर दर्ज किया गया। रविवार को जलस्तर 69.30 मीटर था। पिछले 24 घंटे में सरयू नदी के जलस्तर में 10 सेंटीमीटर की कमी दर्ज की गई। नदी खतरे के निशान 69.90 मीटर से 70 सेंटीमीटर नीचे बह रही थी।

## बलिया समाचार

### घर में फंदे से लटका मिला किशोर का शव


**नरही (बलिया)।** नरही थाना क्षेत्र के इच्छा चौबे का पूरा गांव में सोमवार को 15 वर्षीय विकास साहनी का शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए।

थानाध्यक्ष हरिशंकर सिंह ने बताया कि परिजनों के अनुसार घटना के समय मां लक्ष्मणपुर स्थित ब्यूटी पार्लर गई थीं, जबकि पिता बाहर रहकर नौकरी करते हैं। घर के अन्य सदस्य मवेशी चराने गए हुए थे।

इसी दौरान विकास ने घर के कमरे में रस्सी के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। कुछ देर बाद पड़ोसी घर पहुंचे तो कमरे में किशोर को फंदे से लटका देख तत्काल उसकी मां और पुलिस को सूचना दी।

## भदोही समाचार

### मानसून कर रहा मायूस, बिना बरसे ही लौट रहे बादल



**भदोही।** जिले में मानसून एक बार फिर लोगों को मायूस कर गया। सोमवार को सुबह से दोपहर तक तेज धूप रही। इसके बाद आसमान में घने बादल छाए, लेकिन अधिकांश क्षेत्रों में केवल बूंदाबांदी हुई और बादल बिना बरसे आगे बढ़ गए। बारिश नहीं होने से उमस बढ़ गई और लोग दिनभर गर्मी से परेशान रहे। पिछले तीन दिनों से जिले में मौसम लगातार आंख-मिचौली खेल रहा है। शुक्रवार को हुई अच्छी बारिश के बाद लोगों को राहत मिली थी, लेकिन उसके बाद से धूप और बादलों का सिलसिला जारी है। सोमवार को दोपहर करीब एक बजे मौसम ने करवट ली और बादल छा गए। भदोही और आसपास के कुछ इलाकों में हल्की बारिश हुई, जबकि ज्ञानपुर, औराई, गोपीगंज, सुरियावां, अभोली, ऊंज, सीतामढ़ी, बाबूसराय और महराजगंज समेत अधिकांश क्षेत्रों में केवल बूंदाबांदी ही हुई। बारिश न होने से उमस लगातार बढ़ती रही। दिनभर धूप और बादलों के बीच मौसम असहज बना रहा। इस दौरान हवाएं 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं, लेकिन इससे भी गर्मी से राहत नहीं मिली। कृषि विज्ञान केंद्र, बेजवां के प्रभारी डॉ. अजित चतुर्वेदी ने बताया कि हवाओं की दिशा में बदलाव के कारण जिले में फिलहाल अच्छी बारिश की स्थिति नहीं बन पा रही है। सोमवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## देवरिया समाचार

### मामा के घर आए युवक छोटी गंडक में डूबकर मौत

**चनुकी।** लार थाना क्षेत्र के परासी चकलाल गांव में छोटी गंडक नदी में एक युवक डूब गया। ननिहाल आए युवक को नदी में डूबता देख लोगों ने शोर मचाया। जुटे लोगों ने युवक को पानी से निकाला, मगर उसकी मौत हो चुकी थी। भाटपार रानी थाना क्षेत्र के छितनी परसिया गांव निवासी रेयाज अंसारी (22) लार थाना क्षेत्र के परासी चकलाल अपने मामा नासिर मंसूरी के घर आया था। सोमवार की शाम को वह गांव में छोटी गंडक नदी की स्नान करने गया था। अचानक वह नदी में डूब गया। युवक को डूबता देख वहां मौजूद कुछ लोगों ने बचाने की कोशिश और उसे नदी से निकाला। लार सीएचसी में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए देवरिया भेज दिया।

## गाजीपुर समाचार

### कटे केबल में सरिया छूने से लगा करेंट, जेसीबी चालक की मौत



**सुहवल (गाजीपुर)।** थाना क्षेत्र के सुजानपुर के एक बस्ती में सोमवार को सर्वेश कुमार (25) पिलर के लिए दस फीट का सरिया ले जा रहा था। इस दौरान सरिया कटे हुए विद्युत केबल से छू गया। इससे सरिया में करेंट प्रवाहित होने लगा। इसकी चपेट में आने से सर्वेश की झुलसने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष कमलेश कुमार के मुताबिक, पड़ोसी पप्पू राम ने बताया कि सुबह सर्वेश कुमार घर के पास ही पिलर का निर्माण करा रहे थे। इस दौरान सरिया कम हो गया था। इस पर सर्वेश घर में रखे सरिया को ग्राइडर मशीन से काटने लगे। इसके बाद सर्वेश ने जैसे ही दस फीट के सरिया को खड़ा किया, ऊपर से गुजर से विद्युत केबिल में कटे वाले हिस्से से छू गया। इससे उक्त हादसा हो गया। मृतक के भाई सोनी ने बताया कि सर्वेश को बचाने के लिए दो बार प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद सूचना देकर विद्युत उपकेंद्र से बिजली आपूर्ति बंद कराई गई। गंभीर हालत में सर्वेश को मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार के लोग शव लेकर घर चले आए। पति का शव देख पत्नी रूनी और मां मीरा देवी के रोने-बिलखने से दरवाजे पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

## चंदौली समाचार

### मंदिर के पोखरे में मिला बुजुर्ग महिला का शव

**चकिया।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर-5 स्थित मां काली मंदिर परिसर के पोखरे में सोमवार सुबह 60 वर्षीय महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को पोखरे से बाहर निकलवाया। आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी। वहीं महिला के परिजनों ने बताया कि महिला की मानसिक स्थिती ठीक नहीं थी। सोमवार सुबह स्थानीय लोगों ने मंदिर परिसर स्थित पोखरे में महिला का शव उतराता देखा। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी सुनील कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। सोशल मीडिया पर फोटो प्रसारित होने और स्थानीय लोगों की सूचना के आधार पर मृतका की पहचान कोतवाली क्षेत्र के बोदरा कला गांव निवासी अंतू राम की 60 वर्षीय पत्नी मुलिया देवी के रूप में हुई।

## मीरजापुर समाचार

### संचारी रोग मुक्ति अभियान के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक कर सम्बन्धितो को दिया निर्देश



**मीरजापुर।** वर्षा, मानसून व श्रावण मास में बढ़ने वाले जनित रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के दृष्टिगत जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने संचारी रोगों को शत प्रतिशत समाप्त करने के उद्देश्य से जनपद के सभी ग्राम पंचायतों, प्राथमिक विद्यालयों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के दृष्टिगत सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला पंचायत सभागार में बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रायः डायरिया, हैजा, टायफाइड, हेपीटाइटिस, मलेरिया व अन्य तरह के बुखार आदि जैसे रोग दूषित पेयजल और जगह–जगह जल भराव के कारण फैलते है। उन्होंने सभी ग्राम पंचायत अधिकारी सहित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों व स्कूलों मे लगे हैण्डपम्पों के पास से जल निकासी की व्यवस्था एक सप्ताह के अन्दर सुनिश्चित करा लिया जाए यदि जल निकासी का उपयुक्त स्थान न हो तो हैण्डपम्प के आस पास सोखपिट बनाकर फोटोग्राफ व व्हाट्सएप पर उपलब्ध कराते हुए अगली बैठक में आख्या प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी हैण्डपम्पों के जल क्लोरीन और बैक्टीरियोलाजिकल टेस्ट प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए। सभी ग्राम पंचायत अधिकारी इस कार्य हेतु जल निगम व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की टीम से समन्वय स्थापित कर सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि यदि जॉच कहीं दूषित जल पाए जाने वाले हैण्डपम्प पर लाल निशान से चिन्हित करते हुए उसे बन्द कराया जाए तथा उसकी मरम्मत और क्लोरीनेशन जांच के बाद ही पुनः चालू किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकांश जनति बीमारियों को रोकने के लिए पक्की नाली या ढलान बनाकर निकासी सुनिष्चित की जाए तथा गांव में यदि कहीं बारिश का पानी इकट्ठा होता हो तो उसकी निकासी की व्यवस्था के साथ ही एंटीलार्वा नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में छिड़काव किया जाए।

## जौनपुर समाचार

### दुकान में रस्सी के सहारे लटकता मिला युवक का शव

**केराकत।** कोतवाली क्षेत्र के मुर्की गांव में सोमवार को एक युवक का शव उसकी दुकान में रस्सी के सहारे गर्डर के हुक में लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मुर्की गांव निवासी कामिल सैयद (19) वेल्डिंग का काम करता था और रोज दुकान में ही रात को सोता था। सोमवार सुबह पिता दुकान पर पहुंचे तो बेटे कामिल का शव मिला। शव देखकर उनके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अशरफ सैयद के दो पुत्र हैं। बड़ा पुत्र आदिल सैयद और छोटा पुत्र कामिल सैयद था। कम उम्र में कामिल की मौत से परिवार के लोग सदमे में हैं। हालांकि मौत का कारण अभी पता नहीं चल सका है। कोतवाली प्रभारी अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## प्रयागराज समाचार

### वरिष्ठ लेखा परीक्षक एक लाख रुपये घूस लेते गिरफ्तार, प्रयागराज एंटी करप्शन टीम ने फतेहपुर में दबोचा



**प्रयागराज।** भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) प्रयागराज की टीम ने सोमवार को फतेहपुर में बड़ी कार्रवाई करते हुए स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग के वरिष्ठ लेखा परीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर ऑडिट रिपोर्ट लगाने के बदले 1.60 लाख रुपये रिश्वत मांगने का आरोप है।

फतेहपुर के नई बस्ती चौड़ाखरे निवासी अभय प्रताप सिंह ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन से शिकायत की थी कि बुढ़वन इंटर कॉलेज की भूमि अधिग्रहण से मिली धनराशि से कराए गए निर्माण कार्य के ऑडिट में रिपोर्ट लगाने के लिए वरिष्ठ लेखा परीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह 1.60 लाख रुपये की रिश्वत मांग रहे हैं। शिकायत का सत्यापन कराने के बाद भ्रष्टाचार निवारण संगठन प्रयागराज की 13 सदस्यीय ट्रैप टीम ने सोमवार दोपहर करीब 1:25 बजे जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के सामने आबूनगर स्थित समर चाय भंडार के पास जाल बिछाया। शिकायतकर्ता से पहली किस्त के रूप में एक लाख रुपये लेते ही टीम ने आरोपी को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मूलरूप से रायबरेली के राना नगर निवासी रविंद्र प्रताप सिंह के रूप में हुई, जो वर्तमान में स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, फतेहपुर में वरिष्ठ लेखा परीक्षक के पद पर तैनात है। आरोपी के खिलाफ फतेहपुर कोतवाली नगर थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## आजमगढ़ समाचार

### मुंबई में युवती ने की आत्महत्या, गंगापुर बिजौरा में हुआ अंतिम संस्कार



**सरायमीर।** गंगापुर बिजौरा गांव निवासी खुशबू गौतम (24) की मुंबई में फंदे से लटककर मौत हो गई। सोमवार को शव गांव लाया गया। दुर्वासा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। खुशबू गौतम मुंबई के नालासोपारा क्षेत्र में नौकरी करती थी। वहीं किराये के मकान में रह रही थी। बीते 25 जुलाई को कमरे में फंदे से लटककर जान दे दी। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मुंबई पहुंचे। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव लेकर गांव लौटे। मृतका के पिता रमेश चंद ने बताया कि खुशबू की कुछ समय पहले नौकरी छूट गई थी। इससे वह तनाव में रहने लगी थीं। आशंका है कि इसी तनाव के कारण बेटी ने यह कदम उठाया। खुशबू दो छोटे भाइयों की इकलौती बहन थी।

## सोनभद्र समाचार

### सिंचाई के लिए मोटर चालू करते समय करेंट से किसान की मौत



**दुद्धी।** कोतवाली क्षेत्र के सरडीहा गांव में सोमवार सुबह खेत की सिंचाई के लिए मोटर चालू करने गए बीरबल (36) की करेंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सरडीहा निवासी बीरबल धान की रोपाई के लिए खेत में सिंचाई करने पहुंचे थे। मोटर चालू करने के दौरान वह विद्युत तार जोड़ रहे थे। इसी दौरान तार में करेंट उतरने से वह उसकी चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन उन्हें तत्काल सीएचसी ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पिता लक्ष्मण ने बताया कि बीरबल हिंडाल्को की ग्रासिम इंडस्ट्रीज में काम करता था। नौकरी के साथ वह खेती कर परिवार का पालन-पोषण करता था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा चार बच्चे हैं, जिनमें 15 वर्षीय संदीप कुमार, 13 वर्षीय अनिता, 11 वर्षीय सुनीता और आठ वर्षीय सुशील शामिल हैं। परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य की मौत से परिजनों पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है और बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता गहरा गई है। दुद्धी कोतवाल धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### ट्रेन से कटकर जहां पिता की हुई थी मौत, दस साल बाद वहीं बेटे ने भी गंवाई जान

**महुली।** विंढमगंज थानाक्षेत्र के महुली गांव के झझरी टोला रेलवे ट्रैक पर सोमवार की शाम ट्रेन की चपेट में आने से शिवकुमार (13) की मौत हो गई। करीब 10 साल पहले इसी स्थान पर उसके पिता गुड्डू की भी ट्रेन से कटकर मौत हुई थी। घटना के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। शिव कुमार सोमवार की शाम किसी काम से रेलवे लाइन के पास गया था। इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और जानकारी विंढमगंज पुलिस को दी। बताया जाता है कि लगभग 10 वर्ष पूर्व इसी स्थान पर शिवकुमार के पिता गुड्डू कुमार की भी ट्रेन से कटकर मौत हो गई थी। अब उसी जगह पुत्र की मौत होने से परिजन शोक में डूब गए हैं। विंढमगंज थाना प्रभारी रविकांत मिश्रा ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शिवकुमार तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। बड़ा भाई 15 साल और छोटा भाई 11 साल का है।

## गोरखपुर समाचार

### दो बाइकों की सीधी टक्कर, बीएसएफ के रिटायर्ड जवान समेत दो की मौत



**गोरखपुर।** झुमिला चौराहे के पास रामजानकी मार्ग पर सोमवार देर रात दो बाइकों की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में बीएसएफ के रिटायर्ड जवान समेत दो युवकों की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दूसरी बाइक पर सवार एक अन्य युवक हादसे के बाद मौके से भाग गया। पुलिस उसकी तलाश के साथ ही दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, बड़हलगंज थाना क्षेत्र के शुकूपुरी गांव निवासी प्रदीप चौरसिया (53) सोमवार रात महुआपार चौराहे से बाइक से घर लौट रहे थे। वह रामजानकी महामार्ग पर कतलही गेट के पास पहुंचे थे, तभी गोला की ओर से आ रही बाइक से उनकी आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान प्रदीप चौरसिया और गोला थाना क्षेत्र के डेईडीहा धनंजयपुर निवासी विकास कुमार (25) के रूप में हुई। विकास दूसरी बाइक चला रहे थे।

प्रदीप चौरसिया तीन वर्ष पहले बीएसएफ से सेवानिवृत्त हुए थे। उनके परिवार में पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री हैं। पुत्र का विवाह हो चुका है। वहीं विकास कुमार विवाहित थे, लेकिन उनकी कोई संतान नहीं थी। सीओ गोला दरवेश कुमार ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि विकास की बाइक पर एक अन्य युवक भी सवार था, जो हादसे के बाद मौके से भाग गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है और दुर्घटना के सभी पहलुओं की जांच में जुटी है।

## सुल्तानपुर समाचार

### सुल्तानपुर में भतीजे के बाद चाचा की भी मौत



**सुल्तानपुर।** कोतवाली देहात में सोमवार को एक सड़क हादसे में चाचा-भतीजे की मौत हुई है। एक तेज रफ्तार स्कूल बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी थी। भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल चाचा ने ट्रॉमा सेंटर लखनऊ में सोमवार रात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

पुलिस के अनुसार, घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। फुटेज में दिख रहा है कि हाइवे पर दो से तीन आवारा पशु चल रहे थे। बाइक सवारों ने इन पशुओं से बचने के लिए जैसे ही बाइक घुमाई, सामने से आ रही स्कूल बस ने उन्हें टक्कर मार दी।

मृतक दिवस निषाद और उनके भतीजे अर्जुन निषाद (पुत्र रतीपाल) ग्राम भोएं, थाना गोसाईंगंज के निवासी थे। वे लोहरामऊ से अपने घर लौट रहे थे। नकराही चौराहे के पास सामने से आ रही स्कूल किड्स एजुकेशन वर्ल्ड प्ले एजुकेशन बस (UP 44 CT 4573) ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। अर्जुन निषाद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दिवस निषाद को सुल्तानपुर जिला अस्पताल से लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था, जहां उनकी भी मृत्यु हो गई। मृतक अर्जुन निषाद के पिता लालजी (पुत्र मोतीलाल, निवासी ग्राम भोएं) की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई की है। कोतवाली देहात थाने में बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने अज्ञात बस चालक की तलाश शुरू कर दी है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### श्रद्धा सिंह हत्याकांड के फरार आरोपी को जेल

**सुलतानपुर।** में बल्दीराय थाने के चर्चित श्रद्धा सिंह हत्याकांड में फरार चल रहे आरोपी महंथ को बल्दीराय पुलिस ने सोमवार शाम 4 बजे गिरफ्तार कर लिया। उसे फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय में पेश किया गया, जहां प्रभारी न्यायाधीश श्याम मोहन जायसवाल की अदालत ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार भेज दिया। अभियोजन पक्ष के एडीजीसी संजय सिंह और वादी पक्ष के अधिवक्ता शैलेंद्र पांडेय ने बताया कि यह मामला साल 2020 का है। मृतका की मां अर्चना देवी ने 22 सितंबर 2020 को बल्दीराय थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी 16 साल की बेटी श्रद्धा सिंह के हाथ-पैर और मुंह बांधकर उस पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी गई थी। गंभीर रूप से झुलसी किशोरी की लखनऊ मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने जगबरन यादव, सुभाष सिंह, जयकरन और महंथ के विरुद्ध हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना के बाद सुभाष सिंह और जयकरन के विरुद्ध आरोपपत्र कोर्ट में दाखिल किया गया था।

## लाइफ मंत्र

### गुरु पूर्णिमा पर गुरु को दें ये भेंट, खुलने लगेंगे उन्नति के बंद द्वार




हिंदू धर्म में गुरु का स्थान भगवान से भी ऊपर माना गया है। आषाढ़ मास की पूर्णिमा को मनाई जाने वाली गुरु पूर्णिमा न केवल श्रद्धा व्यक्त करने का दिन है, बल्कि यह अपने मार्गदर्शक के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का महापर्व है। इस वर्ष यह पावन पर्व 29 जुलाई 2026 को मनाया जाएगा। मान्यता है कि इस दिन यदि शिष्य अपने गुरु को उनकी राशि के अनुसार उपहार भेंट करें, तो उनके जीवन में उन्नति के बंद द्वार खुल जाते हैं और गुरु का विशेष आशीर्वाद प्राप्त होता है। गुरु को भगवान के सम्मान दर्जा दिया गया है। हर व्यक्ति के जीवन में गुरु का होना बहुत आवश्यक है। गुरु ही व्यक्ति को सही ज्ञान देकर अंधकार से प्रकाश तक लेकर जाता है। व्यक्ति को अपने गुरु का सदैव आदर सत्कार करना चाहिए। जब भी गुरु के पास जाना हो तो खाली हाथ न जाएं। गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु को उपहार दें। यदि उपहार राशिनुसार दिया जाए तो व्यक्ति को गुरु के आशीर्वाद के साथ सुख- समृद्धि की प्राप्ति होगी।

गुरु पूर्णिमा के दिन मेष, तुला, मकर व कर्क राशि वाले जातक अपने गुरु को श्वेत वस्त्र, चावल, सफेद मिठाई या अन्य कोई भी सफेद वस्तु भेंट स्वरूप दे सकते हैं। वृष, सिंह, वृश्चिक व कुंभ राशि वाले गुरु को लाल वस्त्र, लाल फल और अन्न उपहार में दे सकते हैं। ऐसा करने से व्यक्ति को शुभ फल की प्राप्ति होती है।

गुरु पूर्णिमा के दिन मिथुन, कन्या, धनु, मीन राशि वाले लोग अपने गुरु को पीले रंग के फल, वस्त्र, मिठाई आदि चीजें भेंट में दें। इस प्रकार का उपहार देना शुभ होता है।

गुरु पूर्णिमा का पर्व केवल उपहार देने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सच्ची निष्ठा और कृतज्ञता व्यक्त करने का समय है। गुरु के चरणों में अर्पित किया गया एक छोटा सा उपहार भी यदि श्रद्धा भाव से दिया जाए, तो वह शिष्य के जीवन में खुशहाली के नए द्वार खोल सकता है।

## अब दीवार पर नहीं लटकेगा काला टीवी, Smart Mirror TV बना रहा है घरों को स्मार्ट और स्टाइलिश



टीवी के सामने सेमी-ट्रांसपेरेंट ग्लास लगाकर उसे Mirror TV जैसा बनाया जा सकता है। लेकिन यह प्रक्रिया उतनी आसान नहीं है जितनी दिखती है। विशेषज्ञों के अनुसार, इसके लिए हाई-ब्राइटनेस डिस्प्ले की जरूरत होती है। सामान्य टीवी की स्क्रीन पर्याप्त रोशनी नहीं दे पाती, जिससे ग्लास के पीछे तस्वीर धुंधली दिखाई दे सकती है। स्मार्ट होम का ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है और लोग अब सिर्फ एडवांस टेक्नोलॉजी ही नहीं, बल्कि घर की खूबसूरती को भी प्राथमिकता दे रहे हैं। यही वजह है कि पारंपरिक बड़ी काली टीवी स्क्रीन की जगह अब Smart Mirror TV लोगों की पहली पसंद बनता जा रहा है। यह एक ऐसी तकनीक है, जो टीवी और आईने को एक ही डिवाइस में बदल देती है। बंद होने पर यह बिल्कुल एक आकर्षक मिरर की तरह नजर आता है, जबकि ऑन होते ही शानदार डिस्प्ले वाला स्मार्ट टीवी बन जाता है।

**क्यों बढ़ रही है Smart Mirror TV की लोकप्रियता?**

अक्सर लोग अपने लिविंग रूम, बेडरूम या ड्रॉइंग रूम को स्टाइलिश बनाने के लिए महंगे इंटीरियर पर खर्च करते हैं। लेकिन दीवार पर लगी बड़ी काली टीवी स्क्रीन कई बार पूरे डिजाइन का आकर्षण कम कर देती है। Smart Mirror TV इस समस्या का समाधान बनकर सामने आया है। टीवी बंद रहने पर यह एक सुंदर ग्लास पैनल या आईने की तरह दिखाई देता है। इससे कमरे का इंटीरियर अधिक प्रीमियम और साफ-सुथरा लगता है। यही कारण है कि लग्जरी घरों, होटल्स और हाई-एंड अपार्टमेंट्स में इसकी मांग लगातार बढ़ रही है।

**आखिर कैसे काम करता है यह अनोखा टीवी?**

Smart Mirror TV में एक हाई-ब्राइटनेस स्मार्ट टीवी को विशेष प्रकार के सेमी-ट्रांसपेरेंट ग्लास के पीछे लगाया जाता है। जब टीवी बंद रहता है, तब यह ग्लास आसपास की रोशनी को रिफ्लेक्ट करता है और पूरी तरह आईने जैसा दिखाई देता है।

**टेलीवीज़न**

जैसे ही टीवी ऑन किया जाता है, स्क्रीन की रोशनी उस विशेष ग्लास को पार करके बाहर आती है और यूजर को वीडियो, फिल्म या टीवी शो स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगते हैं। पहली नजर में ऐसा लगता है कि मानो वीडियो सीधे शीशे पर चल रहा हो, जबकि असल में डिस्प्ले उसके पीछे छिपा होता है।

**हर कमरे के लिए उपलब्ध हैं कई साइज**

बाजार में Smart Mirror TV कई आकारों में उपलब्ध हैं। छोटे कमरों के लिए 15 इंच के मॉडल से लेकर बड़े ड्रॉइंग रूम के लिए 75 इंच तक के विकल्प मिल जाते हैं। इसके अलावा इन्हें दो तरह के डिजाइन में खरीदा जा सकता है। स्टैंडर्ड डिजाइन सीधे दीवार पर आसानी से इंस्टॉल हो जाता है। वहीं कस्टम डिजाइन को घर की थीम, फर्नीचर और इंटीरियर के हिसाब से तैयार कराया जा सकता है। यही वजह है कि यह केवल इलेक्ट्रॉनिक गैजेट नहीं, बल्कि घर की सजावट का हिस्सा भी बन चुका है।

**क्या सामान्य टीवी को भी बनाया जा सकता है Mirror TV?**

तकनीकी रूप से किसी टीवी के सामने सेमी-ट्रांसपेरेंट ग्लास लगाकर उसे Mirror TV जैसा बनाया जा सकता है। लेकिन यह प्रक्रिया उतनी आसान नहीं है जितनी दिखती है। विशेषज्ञों के अनुसार, इसके लिए हाई-ब्राइटनेस डिस्प्ले की जरूरत होती है। सामान्य टीवी की स्क्रीन पर्याप्त रोशनी नहीं दे पाती, जिससे ग्लास के पीछे तस्वीर धुंधली दिखाई दे सकती है। इसलिए बेहतर अनुभव के लिए ऐसे टीवी का इस्तेमाल करना चाहिए, जिन्हें खास तौर पर मिरर डिस्प्ले के लिए डिजाइन किया गया हो।

**खरीदने से पहले इन बातों पर जरूर दें ध्यान**

- अगर आप Smart Mirror TV खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो सबसे पहले उसके डिस्प्ले की ब्राइटनेस जांचें। स्क्रीन इतनी चमकदार होनी चाहिए कि ग्लास के पीछे से भी तस्वीर साफ दिखाई दे।

# 6.7-इंच AMOLED डिस्प्ले और Snapdragon 6 Gen 3 के साथ आया Samsung Galaxy A27 5G, जानें पूरी डिटेल



**Galaxy A27 5G में 6.7 इंच का फुल HD+ सुपर AMOLED Infinity-O डिस्प्ले दिया गया है। इसकी सबसे बड़ी खासियत 120Hz का रिफ्रेश रेट है, जिससे स्क्रीन पर स्क्रॉलिंग, गेमिंग और वीडियो देखने का अनुभव काफी स्मूथ हो जाता है। कंपनी ने इसमें नया पंच-होल डिजाइन भी दिया है, जिससे डिस्प्ले ज्यादा आकर्षक नजर आती है।**

सैमसंग ने अपनी लोकप्रिय गैलेक्सी A-सीरीज में एक नया स्मार्टफोन Galaxy A27 5G पेश कर दिया है। यह डिवाइस पिछले Galaxy A26 5G का अपग्रेडेड मॉडल है और इसमें डिजाइन, परफॉर्मेंस, कैमरा तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में कई नए बदलाव किए गए हैं।

कंपनी का दावा है कि यह स्मार्टफोन उन यूजर्स के लिए खास साबित होगा जो मिड-रेंज बजट में प्रीमियम अनुभव चाहते हैं।

**बड़ी और स्मूथ डिस्प्ले का मिलेगा अनुभव**

Galaxy A27 5G में 6.7 इंच का फुल HD+ सुपर AMOLED Infinity-O डिस्प्ले दिया गया है। इसकी सबसे बड़ी खासियत 120Hz का रिफ्रेश रेट है, जिससे स्क्रीन पर स्क्रॉलिंग, गेमिंग और वीडियो देखने का अनुभव काफी स्मूथ हो जाता है। कंपनी ने इसमें नया पंच-होल डिजाइन भी दिया है, जिससे डिस्प्ले ज्यादा आकर्षक नजर आती है। इसके अलावा फोन की मोटाई केवल 7.8mm रखी गई है, जिससे यह हल्का और हाथ में पकड़ने में आरामदायक महसूस होता है।

**Snapdragon 6 Gen 3 देगा तेज परफॉर्मेंस**

परफॉर्मेंस के लिए Galaxy A27 5G में 4nm तकनीक पर आधारित Qualcomm Snapdragon 6 Gen 3 प्रोसेसर दिया गया है। यह चिपसेट मल्टीटास्किंग, गेमिंग और AI आधारित टास्क को बेहतर तरीके से हैंडल करने में सक्षम है।

**स्मार्टफोन तीन स्टोरेज वेरिएंट में उपलब्ध होगाः**

- 6GB RAM + 128GB स्टोरेज
- 8GB RAM + 128GB स्टोरेज
- 8GB RAM + 256GB स्टोरेज

खास बात यह है कि माइक्रोएसडी कार्ड की मदद से इसकी स्टोरेज को 2TB तक बढ़ाया जा सकता है, जिससे यूजर्स को फोटो, वीडियो और ऐप्स स्टोर करने के लिए पर्याप्त जगह मिलेगी।

**फोटोग्राफी के लिए ट्रिपल कैमरा सेटअप**

कैमरा सेगमेंट में Galaxy A27 5G काफी दमदार नजर आता है। इसके रियर पैनल पर ट्रिपल कैमरा सेटअप दिया गया है, जिसमें OIS सपोर्ट वाला 50 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा शामिल है। इसके साथ 5 मेगापिक्सल का अल्ट्रा-वाइड कैमरा और 2 मेगापिक्सल का मैक्रो सेंसर भी मिलता है।

सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए फोन के फ्रंट में 12 मेगापिक्सल का कैमरा दिया गया है, जो सोशल मीडिया और वीडियो चैटिंग के लिए बेहतर इमेज क्वालिटी प्रदान करता है।

**AI फीचर्स से होगा स्मार्ट अनुभव**

सैमसंग ने इस स्मार्टफोन में एडवांस AI फीचर्स को भी शामिल किया है। इसमें Google का Circle to Search फीचर मिलता है, जो अब एक साथ कई ऑब्जेक्ट्स को पहचानने में सक्षम है। इसके अलावा फोन में Object Eraser फीचर दिया गया है, जिससे तस्वीरों में मौpeto अनचाहे ऑब्जेक्ट्स को आसानी से हटाया जा सकता है। फोन का Voice Transcription फीचर 22 भाषाओं में ट्रांसलेशन सपोर्ट करता है।डिवाइस में Google Gemini, Perplexity और Bixby जैसे AI असिस्टेंट्स का सपोर्ट भी मिलता है, जिससे यूजर्स प्राकृतिक भाषा में कमांड देकर विभिन्न कार्य कर सकते हैं।

**बैटरी और सॉफ्टवेयर में भी दम**

Galaxy A27 5G में 5,000mAh की बड़ी बैटरी दी गई है, जो 25W फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करती है। यह बैटरी सामान्य उपयोग में पूरे दिन का बैकअप देने में सक्षम मानी जा रही है। सॉफ्टवेयर की बात करें तो स्मार्टफोन Android 16 आधारित One UI 8.5 पर काम करता है। कंपनी ने इस डिवाइस के लिए 6 जनरेशन तक Android और One UI अपग्रेड तथा 6 साल तक सिक्योरिटी अपडेट्स देने का वादा किया है। मिड-रेंज स्मार्टफोन सेगमेंट में इतना लंबा सॉफ्टवेयर सपोर्ट इसे खास बनाता है।

**धूल और पानी से भी रहेगी सुरक्षा**

फोन को IP64 रेटिंग दी गई है, जो इसे धूल और हल्के पानी के छींटों से सुरक्षित बनाती है। इसके अलावा यूजर्स की डेटा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए Samsung Knox Vault का सपोर्ट भी दिया गया है।

## iPhone छोड़ अपनाना हुआ अब और भी आसान, Google का Android 17 लाएगा नया Data Transfer फीचर



**एंड्रॉइड 17 का नया डेटा माइग्रेशन फीचर आईफोन से एंड्रॉइड ट्रांजिशन की जटिलताओं को कम कर उसे बेहद सरल बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। वायरलेस ट्रांसफर की यह सुविधा न केवल समय की बचत करती है बल्कि पासवर्ड और नेटवर्क क्रेडेंशियल्स की गोपनीयता भी सुनिश्चित करती है। स्मार्टफोन बाजार में इस अपडेट से यूजर्स के लिए डिवाइस बदलना अब काफी लचीला और सुविधाजनक होगा।**

क्या आप भी iPhone छोड़कर Android स्मार्टफोन खरीदने का प्लान कर रहे हैं, तो अब बिना किसी दिक्कत के मिनटों में पूरा डेटा ट्रांसफर किया जा सकता है। ऐसे में गूगल ने आपके कार्य को और भी आसान कर दिया है। दरअसल, Android 17 के साथ कंपनी ने एक नया माइग्रेशन सिस्टम पेश किया है। इसकी मदद से आसानी से iPhone का डेटा, Android फोन में ट्रांसफर किया जा सकता है। खासकर अब आपको इसके लिए किसी थर्ड-पार्टी-एप्स की जरुरत नहीं है।

आपको बताते चलें कि, गूगल ने बताया है कि Android 17 में शामिल नया डेटा ट्रांसफर फीचर सेटअप प्रक्रिया के दौरान ही काम किया जा सकता है। इसका सीधा अर्थ यही है कि नया Android फोन चालू करते समय यूजर्स सीधे तौर पर अपने iPhone से जरुरी डेटा वायरलेस तरीके से कॉपी कर सकते हैं।

**क्या-क्या डेटा कर पाएंगे ट्रांसफर?**

- सबसे पहले आप सिर्फ फोटो, कॉन्टैक्ट्स और मैसेज जैसी सहित जानकारी ट्रांसफर की जा सकती थी, वही अब यह सुविधा काफी विस्तृत हो गई है। Android 17 के मध्यम से गूगल अकाउंट से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां नए फोन में लेकर आ सकते हैं।

- वहीं, आप Google अकाउंट डिटेल्स, सेव किए सभी पासवर्ड, Wi-Fi नेटवर्क के पासवर्ड और eSIM से संबंधित सभी जानकारी शामिल है। इससे नया फोन सेटअप करने में काफी समय लग सकता है और मेहनत की बचत होगी।

**फिलहाल चुनिंदा डिवाइस पर मिल रहा है फीचर**

गूगल ने यह भी कहा है कि, यह सिर्फ नए माइग्रेशन सिस्टम की शुरुआत अभी सीमिक डिवाइसों से की जा रही है। लेकिन, यह Android 17 का हिस्सा है और आने वाले समय में अन्य समर्थित स्मार्टफोन्स पर भी उपलब्ध करा दिया जाएगा। इसके बाद यूजर्स अपने पुराने iPhone की सेटिंग्स और जरुरी डेटा को आसानी से नए एंड्रॉयड फोन में ले जा सकते हैं।

**ऐसे करेगा काम नया माइग्रेशन सिस्टम**

- वही, आप नया Android 17 डिवाइस सेट करेंगे, तो आपको iPhone या iPad से डेटा कॉपी करने का ऑप्शन नजर आएगा। इस ऑप्शन को चुनते ही Android फोन एक QR Code जनरेट होगा। iPhone से उस QR Code को स्कैन करने पर दोनों डिवाइसों के बीच वायरलेस कनेक्शन स्थापित होगा।

- जिसके बाद यूजर अपनी जरुरत के अनुसार, तय कर पाएंगे कि कौन-सा डेटा नए फोन में ट्रांसफर करना है। Google ने यह भी कहा है कि डेटा ट्रांसफर शुरु करने से पहले दोनों डिवाइस पूरी तरह चार्ज हों, एक ही Wi-Fi नेटवर्क से संबंधित हो और नए Android फोन में पर्याप्त स्टोरेज उपलब्ध हो। अगर स्टोरेज कम होगी, तो डेटा ट्रांसफर प्रक्रिया पूरी नहीं होगी।


कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप

NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF.: SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएंः पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समयः 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170